उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

सूचना/विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, लिपिक एवं सहायक पुलिस उपनिरीक्षक लेखा की सीधी भर्ती–2020 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा के कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

संख्याःपीआरपीबी- एक.3(लि0सं0)/2020 (प0प्र0) दिनांक नवम्बर 17 ,2021

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ0 प्र0 में पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, लिपिक एवं सहायक उपनिरीक्षक लेखा की सीधी भर्ती–2020 के अन्तर्गत पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के 295 पदों, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) 624 पदों, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के 358 एवं सतर्कता अधिष्ठान के 32 पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) एव 20 सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) के पदों कुल **1329** पदों के क्रम बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांकितः23.03.2021 यथा संशोधित द्वारा दिनांकः 22.07.2021 तक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

2– उक्त भर्ती हेतु ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी0बी0टी0 मोड) बोर्ड द्वारा दिनांकः 04.12.2021 एवं 05.12.2021 को 02 चरणों में उ0प्र0 के 13 जनपदों के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर 02 पालियों (**09:30 Hrs-12:00 Hrs** एवं **14:30 Hrs-17:00 Hrs**) में आयोजित की जा रही है।

3– यदि किसी तकनीकी समस्या के कारण किसी परीक्षा तिथि/पाली में किसी केन्द्र विशेष पर परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी तो ऐसे केन्द्र की परीक्षा दिनांकः06.12.2021 को आयोजित की जायेगी।

4– सभी अभ्यर्थियों की ऑन लाइन लिखित परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा जनपद/नगर के सम्बन्ध में सूचना की पीडीएफ फाइल भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा से 10 दिवस पूर्व प्रदर्शित की जायेगी।

5– अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा की प्रक्रिया से परिचित होने के लिये मॉक टेस्ट लिंक (Mock Test Link) परीक्षा से 10 दिवस पूर्व भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

6– ऑन लाइन लिखित परीक्षा हेतु सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पंजीकरण पोर्टल पर **03 दिवस पूर्व** प्रदर्शित किये जायेगें, जिसमें परीक्षा की तिथि व समय तथा परीक्षा केन्द्र का नाम व पते की सूचना अंकित होगी। अभ्यर्थीगण पंजीकरण पोर्टल पर दिये गये लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

7– उपरोक्त ऑन लाइन लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थीगण पहचान पत्र के रूप में मूल आधार कार्ड/ई–आधार कार्ड तथा उसकी 01 छायाप्रति साथ लेकर आयेगे। आधार कार्ड की छायाप्रति अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर जमा करनी होगी। अभ्यर्थियों की पहचान हेतु केवल आधार कार्ड ही स्वीकार किया जायेगा।

8– ऑन लाइन लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यदि कोई समस्या/आपत्ति हो तो हेल्प डेस्क न0 –022–62337901 पर सम्पर्क कर सकते है।

9– उक्त सम्बन्ध में समस्त सूचनायें बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट **www.uppbpb.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें ।

अपर सचिव भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।